(ग) प्रभावित परिवारों को 30 जून, 1997 तक कुल कितनी धनराशि प्रदान की गई; और

(घ) इस समय तक इस पार्क के निर्माण पर भारत सरकार की कुल कितनी धन-राशि खर्च हो चुकी है?

पर्यावरण और वन मंत्री (प्रो॰ सैफुद्दीन सोज़): (क) ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क, कुल्लू में कुंदर और माजहन गांवों के भूमिधारियों से हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कुल 142 बीघा और 23 बिसवा क्षेत्र का अधिग्रहण किया जाएगा। तथापि, जैसा कि राज्य सरकार ने सूचित किया है, अभी तक किसी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है।

(ख) कुल मिलाकर कुंदर और माजहन गांवों के 12 परिवार इस परियोजना से प्रभावित होंगे।

(ग) 30 जून, 1997 तक प्रभावित परिवारों को कोई भी धनराशि नहीं दी गई है।

(घ) केन्द्र सरकार ने प्रभावित ग्रामवासियों के पुनर्वास के लिये 20.10 लाख रुपये की धनराशि मुहैया की है। राज्य सरकार ने 30.6.1997 तक ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क पर लागभग 4.76 करोड़ रुपए व्यय किया जाने की रिपोर्ट दी है।

वाह और सघड़ सिंचाई परियोजनाएं

1149. **श्री राधवजी:** क्या **पर्यावरण और वन मंत्री** 16 अगस्त, 1995 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 202 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्य सरकार ने वाह सिंचाई परियोजना के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा चाही गई जानकारी उपलब्ध करा दी है; यदि हां, तो कब;

(ख) उक्त सिंचाई परियोजना की स्वीकृति की दिशा में केन्द्र सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(ग) क्या सघड़ सिंचाई परियोजना के संबंध में केन्द्र सरकार को राज्य सरकार से कोई औपचारिक प्रस्ताव अब तक प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो उसकी अब तक की प्रगति क्या है?

पर्यावरण और वन मंत्री (प्रो॰ सैफुद्दीन सोज़): (क) और (ख) "वाह सिंचाई परियोजना" संबंधी प्रस्ताव वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत 30.6.1988 को गुणावगुण आधार पर अस्वीकार कर दिया गया था। तत्पश्चात् उक्त प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने संबंधी राज्य सरकार के अनुरोध पर राज्य सरकार से कतिपय आवश्यक ब्यौरा प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है, जैसा कि राज्य सभा के दिनांक 28.2.1996 के अतारांकित प्रश्न 37 के उत्तर में पहले ही सूचित किया जा चुका है। मांगा गया ब्यौरा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Institutional Infrastructure in Bihar

1150. SHRI GYAN RANJAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have finalised plans to strengthen, upgrade, expand institutional infrastructure under various schemes in Bihar during 1997-98;

(b) if so, the details thereof, along with the allocations made under each scheme for the current year for Bihar and particularly for Jharkhand region;

(c) whether Government have taken a fresh review of schemes in operation, with a view to have sharp focus on setting up of new Central Institutions and strengthening the State which has been leftout so far creating inter-regional gaps in infrastructure development; and

(d) the details of Government's policy in this regard for Ninth plan in general and the State in particular proposed for development of Human Resource Development infrastructure in Jharkhand?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOUCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Embezzement of Funds in Punjab University

1151. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether any vigilance inquiry is going on against University Authorities